दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
वर्षः- 04
अंकः-204
मुरादाबाद
(Friday)
15 November 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## प्रतियोगी छात्रों की मांग के आगे झुका UPPSC 'वन शिफ्ट वन डे' पर लगी मुहर

पीसीएसपीसीएस और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) छात्रों के आंदोलन के आगे झुक गया है। आयोग ने छात्रों की वन डे वन शिफ्ट की मांग मान ली है। इसके लिए छात्र चार दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को बवाल काफी बढ़ने के बाद आयोग को यह फैसला करना पड़ा। और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) छात्रों के




आंदोलन के आगे झुक गया है। आयोग ने छात्रों की वन डे वन शिफ्ट की मांग मान ली है। इसके लिए छात्र चार दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को बवाल काफी बढ़ने के बाद आयोग को यह फैसला करना पड़ा। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में छात्रों की मांग का संज्ञान लिया

और आयोग को एक दिन में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 के संबंध में छात्रों से संवाद और समन्वय कर आवश्यक निर्णय लेने को कहा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर जारी बयान में कहा गया है कि आरओ/एआरओ (प्री.) परीक्षा-2023 के लिए आयोग द्वारा एक समिति गठित की गई है। समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी।पीसीएस प्री के लिए ही फिलहाल मांग मानी गई है। समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए बाद में निर्णय लिया जाएगा।

उच्च स्तरीय कमेटी का गठन होगा। समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के संबंध में कमेटी ही अगला निर्णय लेगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) छात्रों के आंदोलन के आगे झुक गया है। आयोग ने छात्रों की वन डे वन शिफ्ट की मांग मान ली है। इसके लिए छात्र चार दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को बवाल काफी बढ़ने के बाद आयोग को यह फैसला करना पड़ा। आयोग के भीतर हुई बैठक में जिलाधिकारी, कमिश्नर समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। कई घंटे चली बैठक के बाद आयोग ने छात्रों के पक्ष में फैसला लिया। छात्रों की मांग मानने के अलावा आयोग के पास कोई रास्ता नहीं था। छात्र एक ही मांग पर अड़े थे कि परीक्षा एक दिन एक ही शिफ्ट में कराई जाए। सात व आठ दिसंबर 2024 को होनी वाली पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 स्थगित कर दी गई है।प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे प्रतियोगी छात्रों की मांग के आगे उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग झुक गया है। वन शिफ्ट वन डे एग्जाम की मांग पर सहमति बन गई है। आयोग के सचिव कुछ ही देर में घोषणा कर सकते हैं। परीक्षा की तिथियां नए सिरे से निर्धारित हो सकती है। गेट नंबर 2 पर जल्द ही छात्रों को संबोधित किया जाएगा।यूपीपीएससी के अंदर बैठक हो रही है। जिलाधिकारी, कमिश्नर और आयोग के सचिव सहित तमाम अधिकारी बैठक में मौजूद हैं। कुछ देर में कोई फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही है

## अखिलेश ने छात्रों का किया समर्थन, बोले- ये भाजपा की महाभूल है, आप सांसद ने भी दिया बयान

प्रयागराज में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य दलों के नेताओं ने समर्थन किया है और भाजपा सरकार को निशाने पर लिया है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज सहित विभिन्न शहरों में पीसीएस, आरओ व एआरओ परीक्षा एक ही दिन में कराए जाने और नॉर्मलाइजेशन निरस्त करने की मांग कर रहे छात्रों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अगर ये सोच रही है कि वो छात्रों के आंदोलन को खत्म कर देगी तो ये उसकी महाभूल है। आंदोलन तन से नहीं मन से लड़े जाते हैं और अभी तक वो ताकत दुनिया में नहीं बनी जो मन को हिरासत में ले सके। उन्होंने कहा कि जुड़ेंगे तो जीतेंगे! एक्स पर उन्होंने बयान दिया कि भाजपा की अहंकारी सरकार अगर ये सोच रही है कि वो इलाहाबाद में यूपीपीएससी के सामने से आंदोलनकारी अभ्यर्थियों को हटाकर, युवाओं के अपने हक के लिए लड़े जा रहे लोकतांत्रिक आंदोलन को खत्म कर देगी, तो ये उसकी 'महा-भूल' है। आंदोलन तन से नहीं मन से लड़े जाते हैं और अभी तक वो ताक़त दुनिया में नहीं बनी जो मन को हिरासत में ले सके। जुड़ेंगे तो जीतेंगे!वहीं, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी छात्रों के समर्थन में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की बात करने वाले पीसीएस, आरओ और एआरओ परीक्षा एक दिन में कराये जाने की मांग पर बेरोजगारों को पीट-घसीट रहे हैं। अंधभक्त आपको गालियां देते हैं वो भूल जाते हैं ये बेरोजगारी की मार झेलने वाले बेटे-बेटियां भी हिंदू हैं। भाजपा का नफरती जहर आपकी जिंदगी बर्बाद कर देगा।

## भाजपा विधायक का बड़ा बयान, कहा-मंदिर एंट्री से पहले दिखानी होगी मजहबी पहचान- खतना बताएगा 'भाई' या 'भाईजान'

बागपत जनपद के छपरौली पहुंचे भाजपा विधायक नंद किशोर ने कहा है कि हिंदुओं को दरगाह पर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्रवेश से पहले मजहबी पहचान दिखाई जानी चाहिए। वहीं मीरापुर चुनाव के बीच उनके इन बयानों ने सियासी हलचल मचा दी है।अपने बयानों को लेकर अक्सर नंद किशोर ने मीरापुर उप चुनाव से पहले सियासी हलचल मच गई है। वहीं इसका वायरल हो गया। भाजपा विधायक बोले, महाकुंभ में मुस्लिमों के दुकान नहीं लगाने हिंदुओं के दरगाह पर न जाने संबंधी सवाल विधायक नंद किशोर गुर्जर ने एक बार हिंदुओं को दरगाह पर नहीं जाना चाहिए,



सुर्खियों में रहने वाले भाजपा विधायक बड़ा बयान दिया है। उनके इस बयान से वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से हिंदुओं को दरगाह पर नहीं जाना चाहिए- के निर्देश, और इस पर मौलानाओं के पर पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा फिर विवादित बयान दे डाला। कहा कि क्योंकि मजार में जिहादी दफन हैं, जिन्होंने महिलाओं पर जुल्म किए हैं।संदिग्ध लगे तो पढ़वाया जाए मंत्र- इसके साथ ही उन्होंने मंदिर में आने वालों का मजहबी टेस्ट करने और मंत्र पढ़वाकर खतना की जांच करने की भी बात कही है। नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि अगर मंदिर में कोई संदिग्ध लगे तो उससे मंत्र पढ़वाया जाए और फिर चेक किया जाए कि उसका खतना हुआ है या नहीं। छपरौली में एक शादी समारोह में पहुंचे थे विधायक- भाजपा विधायक बुधवार रात छपरौली में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। जहां बीजेपी विधायक ने यह भी कहा है कि मुस्लिम भी हिंदू देवताओं को मानते हैं और जल्द मौलवी भी जलाभिषेक करेंगे। भारत में सनातन धर्म बुलंद होगा। उन्होंने थूक और मूत्र-जिहाद को बड़ी साजिश बताया और कहा कि इसीलिए मुस्लिम धर्मगुरुओं की इस मुद्दे पर बोलती बंद रहती है।


## संक्षिप्त समाचार

### बरेली में नाथ कॉरिडोर के मार्गों पर चमकेंगे डमरू, दिखेंगे त्रिशूल, ये होंगे काम

बरेली में नाथ कॉरिडोर के छह मार्गों पर भगवान शिव के प्रतीक चिन्ह त्रिशूल और डमरू दिखाई देंगे। बीडीए इन मार्गों को इस तरह से सजाने संवारने की योजना बना रहा है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले। बरेली में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने नाथ कॉरिडोर के छह मार्गों का निर्माण तकरीबन पूरा कर दिया है। अब आगरा के ताजमहल मार्ग और लखनऊ के बेगम हजरत महल मार्ग की थीम पर इनको सजाने-संवारने की तैयारी शुरू हो गई है। कहां क्या विकसित किया जा सकता है, बीडीए की टीम इसका आकलन कर रही है। बीडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मिलकर इन मार्गों को सजाएंगे-संवारेंगे।बीडीए प्रस्ताव तैयार कर रहा है। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में इसको अंतिम रूप दिया जाएगा। इन मार्गों पर रहने वाले लोगों, प्रतिष्ठानों, सरकारी विभागों और सामाजिक तथा व्यापारिक संगठनों का सहयोग लेकर मार्गों और चौराहों तथा मार्ग के दोनों ओर की दीवारों को विकसित करने की तैयारी है। बीडीए के उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने इसकी कवायद शुरू कराई है। ये काम हैं प्रस्तावित मार्गों से अतिक्रमण हटाएं जाएंगे, यूटिलिटी शिफ्टिंग हो सकेगी, स्ट्रीट लाइटों के संग त्रिशूल और डमरू चमकेंगे। कॉरिडोर के प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान पर शाम सात बजे के बाद लाइटिंग होगी। मार्ग के दोनों ओर की खाली दीवारों पर पेटिंग्स में शिव से जुड़े प्रसंग होंगे प्रदर्शित।

## पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की जयंती पर PM मोदी ने दी श्रद्धांजलि, शांति वन पहुंची प्रियंका

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी के अन्य नेता पंडित नेहरू के समाधि स्थल शांति वन पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की आज 135वीं जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित नेहरू को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी के अन्य नेता पंडित नेहरू के समाधि स्थल शांति वन पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, मणिकम टैगोर, जयराम रमेश आदि नेताओं ने संसद के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी पंडित नेहरू की जयंती पर उन्हें याद किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %आधुनिक भारत के जनक, संस्थानों के निर्माता, भारत के प्रथम



प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। लोकतांत्रिक, प्रगतिशील, निडर, दूरदर्शी, समावेशी - %हिंद के जवाहर% के यही मूल्य हमारे आदर्श और हिंदुस्तान के आधारस्तम्भ हैं और हमेशा रहेंगे।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में भी अपने परदादा पंडित नेहरू को याद किया। उन्होंने पंडित नेहरू के एक वाक्य को लिखते हुए कहा कि %दुनिया में जितनी भी बुराइयां हैं, डर उन सबकी बुनियाद है।% दशकों के संघर्ष और असंख्य कुर्बानियों के बदले जब हमने आजादी हासिल की, तब भी ऐसे लोग थे जो भोली-भाली जनता को डराने और बहकाने की सियासत करते थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने डटकर उनका मुकाबला किया। प्रियंका गांधी ने लिखा कि %जनता में डर फैलाने वाले लोग जनता के सच्चे प्रतिनिधि नहीं हो सकते। जनसेवक सीना तानकर सबसे आगे खड़े होते हैं ताकि लोग निडर होकर जी सकें। पंडित नेहरू जी ने जनता को हमेशा निडरता और निःस्वार्थ सेवा की सीख दी तो दूसरी तरफ राष्ट्र निर्माण के हर पड़ाव पर जनता को सर्वोपरि रखा।% बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है ये दिन- पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पंडित नेहरू को बच्चों से बेहद प्यार था और वे बच्चों को भारत का भविष्य मानते थे। पहले बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था, लेकिन पंडित नेहरू के निधन के बाद उनकी जयंती 14 नवंबर को देशभर में बाल दिवस मनाया जाने लगा। यह दिन बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

## राहुल का PM मोदी पर वार- उन्होंने कभी संविधान नहीं पढ़ा, इसलिए उनको मेरे पास रखी किताब खाली लगती

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में देश की आत्मा है और हिंदुस्तान का ज्ञान है। इसमें भगवान बुद्ध, बिरसा मुंडा, डॉ. बीआर आंबेडकर, महात्मा गांधी और फुले की सोच है। हम इसकी रक्षा के लिए जान तक देने को तैयार हैं।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं जनसभाओं में जो संविधान दिखाता हूं, वो खाली है। नरेंद्र मोदी जी के लिए संविधान खाली है, क्योंकि उन्होंने कभी इसे पढ़ा नहीं है। करते हुए राहुल और हिंदुस्तान का बीआर आंबेडकर, बोले कि भाजपा को आपत्ति है। मगर हमें इसके अंदर लिखा हैं। राहुल गांधी ने



महाराष्ट्र के नंदूरबार में जनसभा को संबोधित गांधी ने कहा कि संविधान में देश की आत्मा है ज्ञान है। इसमें भगवान बुद्ध, बिरसा मुंडा, डॉ. महात्मा गांधी, और फुले की सोच है। राहुल गांधी मेरे रैलियों में इस लाल किताब को दिखाने पर इसके लाल रंग से कोई फर्क नहीं पड़ता। जो है, हम उसकी रक्षा के लिए जान देने को तैयार कहा कि कांग्रेस आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग को निर्णय लेने में प्रतिनिधित्व दिलाना चाहती है। वर्तमान में आठ प्रतिशत आदिवासी आबादी में से निर्णय लेने में उनकी हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भू-अधिग्रहण बिल और [illegible]-कानून लाकर कांग्रेस ने आपके जल-जंगल-जमीन की रक्षा की थी। लेकिन भाजपा ने सत्ता में आते ही आपको वनवासी कहा और आपके अधिकार छीनने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग आपको वनवासी कहते हैं। आदिवासी और वनवासी में बहुत बड़ा फर्क है। आदिवासी का मतलब है हिंदुस्तान के पहले मालिक। जल, जंगल और जमीन उनका पहला अधिकार है। मगर भाजपा आपको वनवासी मानती है और कहती है कि आपका जल, जंगल, जमीन पर कोई अधिकार नहीं है। आपके इसी अधिकार को बचाने के लिए बिरसा मुंडा जी अंग्रेजों से लड़े थे। राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि महाराष्ट्र में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों की संख्या कितनी है और संसाधनों में उनकी हिस्सेदारी कितनी है? राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बड़ी परियोजनाओं को महाराष्ट्र से दूसरे राज्यों में भेजकर करीब पांच लाख नौकरियां छीन ली गईं। हमारी सरकार ऐसा नहीं करेगी। महाराष्ट्र के लिए बनी परियोजनाएं महाराष्ट्र और गुजरात के लिए बनी परियोजनाएं गुजरात में रहेंगी। इस दौरान उन्होंने महाविकास अघाड़ी के घोषणापत्र में किए गए वादे भी गिनाए। महाराष्ट्र में एमवीए बनाम महायुति- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं, सभी 288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) से मिलकर बना विपक्षी एमवीए गठबंधन राज्य में सत्ता हासिल करना चाहता है, जो महायुति गठबंधन को चुनौती देता है, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं।

## संपादकीय Editorial

### Inflation rate at peak

Retail inflation rate in October was 6.2 percent. This is the highest level in the last 14 months and is much higher than the satisfactory level of 4-5 percent set by the Reserve Bank of India. The prices of green vegetables in the country have increased by 42.2 percent in October itself. Inflation in the food and soft drink group was 8.36 percent in September, but increased to 9.69 percent in October. Onion is being sold at Rs 70-80 per kg in retail in the capital Delhi and the economic capital Mumbai, while Nashik in Maharashtra produces the most onions. In the markets there too, onions are being sold at an average of Rs 50 per kg. Market experts estimate that the price of onion can increase to Rs 100 per kg and tomatoes can be sold at a much higher price than this. Not only vegetables, but grains, pulses, fertilizers, edible oil and essential commodities for farming have also become expensive. Farmers have to sow Rabi crops, but there is a crisis of fertilizers in the market. There are long queues outside the fertilizer shops. The fertilizer sack which was available for 50 kg has now been reduced, but the sack has been made costlier by up to Rs 300. How can an average farmer sow cheap crops and get the minimum support price? Reserve Bank Governor Shaktikanta Das estimates that inflation will increase further. The Government of India and the Reserve Bank had decided together that the retail inflation rate should remain between 4-5 percent. The ideal situation is 4 percent. Till now, efforts have been made to keep inflation limited to that level, but now the limits have been crossed. In September, the retail inflation rate had reached 5.5 percent. Signs of increase were received from there. Now this inflation rate has become 6.2 percent, which is the highest. All these figures have been released by the Ministry of Statistics and Program Implementation of the Government of India. The data of organizations which are active in the private sector may be different and the inflation rate may also be higher. Anyway, inflation is not a major election issue in the elections that are being held now. In elections, there is competition for freebies or there are discussions about sharing, cutting, being afraid and dying. Apart from inflation, mandates are never decided on issues like unemployment, education, health, whereas these are the basic problems and needs of the common man. According to SBI research, out of the 23 states of the country, inflation has increased the most in Chhattisgarh by 6.4 percent in the last one year. Inflation has increased by 3 percent in MP, 2.3 percent in UP, Bihar, Kerala, Tamil Nadu. Punjab and Haryana are such states where inflation has increased by only 0.4 percent and 0.7 percent respectively in a year, but the inflation rate has been more than 5 percent. Rajasthan is the only state where the inflation rate has decreased. There are five states in the country where the inflation rate has been more than 7 percent. Odisha is at the top among these states with an inflation rate of 7.5 percent. The data also states that the inflation rate has been less than 6 percent in 11 states. However, it is being estimated that despite such an increase, the inflation rate will average 4.8 percent in the financial year 2024-25, which is within the ambit of the Reserve Bank's target. It is worth noting that the inflation rate of food items was 10.87 percent in October, which was 9.24 percent in September. It is said that crops were affected in many states due to weather uncertainty. Production of major vegetables including potatoes and tomatoes decreased. The gap between demand and supply increased. However, whatever picture of inflation comes out in the government figures, it is going to hurt the common man. His pocket is being affected. After the Corona epidemic.

# Waiting for another decision on AMU, why there should not be SC-ST and OBC reservation?

Sir Syed often despised Congress leaders by calling them Bengalis because most of the Congress leadership was from Bengal at that time. In this ideological background, Sir Syed had established Madrasatul Uloom and Muslim-Anglo Oriental College in Aligarh during 1875-77, which was given the form of 'Aligarh Muslim University' by the then British government 22 years after his death. What is the implication of the recent decision of the Supreme Court on Aligarh Muslim University (AMU)? The seven-member constitutional bench of the apex court overturned the 1967 decision by 4-3, which said that it is not a minority educational institution. It is an established truth and it is mentioned in the official website of AMU itself that this university is the brainchild of Sir Syed Ahmed Khan. Born on 17 October 1817, Sir Syed Ahmad Khan joined the East India Company in 1838 and helped the British during the First War of Independence in 1857. Winning their trust, he served as a judge in the British court between 1867-76. In April 1869, Sir Syed was awarded the 'Order of the Star of India' in England, and in 1887, Lord Dufferin made him a member of the 'Civil Services Commission'. The British government, pleased with the loyalty of Sir Syed, popularly known as 'Khan Bahadur', gave him the title of 'Knight' in 1898. In 1885, when the demand for complete independence and democratic system started rising in the country with the establishment of the Congress, Sir Syed, loyal to the British, started distancing Muslims from the national movement. By raising the issue of ‘Hindu-Muslim’, ‘Hindi-Urdu’, ‘Sanskrit-Persian’, he established the idea through the religious sentiments of Muslims that it is the duty of Muslims to stay close to the British and away from the Congress. He was successful to a large extent in this campaign, because a large part of the Muslim society was cut off from the national mainstream, consciousness and later it also agitated for Pakistan. This thinking was initiated by Sir Syed by giving this speech in Meerut on 16 March 1888, “Think, if the British are not in India, then who will be the ruler? Will two nations – Hindus and Muslims be able to sit on the same throne with equal rights? No. It is necessary that one of them defeats the other… After all, you have had an empire in India for seven hundred years. You know what it means to rule… Only Christians can be the true friends of Muslims… We will have to adopt such a system, so that the British can rule India forever and power never goes into the hands of 'Bengalis'.” Sir Syed often despised Congress leaders by calling them 'Bengalis', because most of the Congress leadership was from Bengal at that time. In this ideological background, Sir Syed had established Madrasatul Uloom and Muslim-Anglo Oriental College in Aligarh during 1875-77, which was given the form of 'Aligarh Muslim University' by the then British government 22 years after his death. What was the original purpose of AMU? After drawing the blueprint of Pakistan in 1930-33, AMU became the informal political-ideological establishment of the Muslim League. The AMU student union passed a resolution for religion-based partition in 1941, calling the Congress fascist. On 10 March 1941, Jinnah called AMU a 'Pakistani armoury', while in August of the same year, while addressing AMU students, Liaquat Ali Khan (Pakistan's first Prime Minister) said, "We are looking at you as useful ammunition to win the freedom struggle of the Muslim nation." In the elections held later, AMU students and teachers enthusiastically supported the Muslim League. The Muslim leaders (Maulana Azad and Prof Humayun Kabir etc.) who were opposing the partition then, were attacked by AMU students considering them enemies of the religion. After partition and independence, it was expected that either AMU would be closed or there would be a change in its basic thinking, but this did not happen. On 22 October 1947, the Pakistani army attacked Kashmir. Till a day before this, AMU students were joining the Pakistani army.



As soon as this was known, the then Chief Minister of Uttar Pradesh Govind Ballabh Pant wrote a letter to Home Minister Sardar Patel and the entry of Pakistani military officers in the university was banned. In May 1953, the then Vice Chancellor of the University, Zakir Hussain, informed the Nehru government that many Pakistanis were taking admission in AMU. In August 1956, AMU students raised slogans of 'Pakistan Zindabad'. Zakir Hussain resigned from the post of Vice Chancellor amid the growing influence of separatist elements in the same university. When Nawab Ali Yawar Jung was appointed the next Vice Chancellor of AMU in 1965, the students attacked him fatally, in which he suffered serious injuries. AMU was in controversy even in 2018 due to its 'Jinnah love'. Before independence, there was a conflict between India's national aspirations (including independence) and the declared agenda of AMU. When the rest of India was struggling for its independence, AMU was giving concrete shape to Sir Syed's 'two-nation theory', which gave birth to a separate Islamic country in the Indian subcontinent- Pakistan. This character of AMU was also known to the first Prime Minister of independent India, Pt. Nehru. While delivering the convocation speech of AMU on January 24, 1948, Nehru said, "...I am proud of my heritage and my ancestors who have given India the freedom to live in peace and harmony."After independence, independent India aimed to empower those marginalized sections of society who had suffered historical injustice. Taking positive and firm steps to rectify this, reservation for scheduled castes and scheduled tribes was provided in the constitution. With the blessings of self-proclaimed secularists including Congress, AMU continued to deny constitutional rights to these two sections of society along with OBCs. The question is, why should there not be SC-ST and OBC reservation in government-funded institutions in independent India? This is a question that should be seriously considered. It remains to be seen what decision the new three-member bench of the Supreme Court takes on AMU?

# Bulldozer action, important guidelines of Supreme Court

It is clear from the guidelines of the Supreme Court that bulldozer action is possible after sending a notice against unauthorized construction and hearing the case. Due to this, the decision of the Supreme Court is also being interpreted in such a way that it will be easier to control mafia elements and professional criminals. It remains to be seen whether this happens or not. By issuing guidelines on bulldozer action, the Supreme Court has worked to ensure that arbitrary action is not taken against encroachment, illegal construction as well as crime. It was necessary to do so because bulldozer action was also taken against elements involved in crime and was done on the basis that they have built their house, shop or any other building illegally. It was easy for the government and administration to take such action because most of the people do not get their buildings constructed according to the approved map or the set standards. Bulldozer action was supported by the public because it is their desire that criminal elements should be punished as soon as possible. For this reason, bulldozer action was appreciated, but it cannot be ignored that in such action, the family members of the suspected criminal-accused also got punished due to the demolition of his house and shop. That is why the Supreme Court said that the punishment of an accused cannot be given to his family members. On the basis of the guidelines issued by the Supreme Court regarding bulldozer action, one should not conclude that the way for bulldozer action against those doing illegal construction and encroachment is going to be closed. It is clear from the guidelines of the Supreme Court that bulldozer action is possible after sending notice against unauthorized construction and hearing the case. Due to this, the decision of the Supreme Court is also being interpreted in such a way that it will become easier to control mafia elements and professional criminals. It remains to be seen whether this happens or not? Whatever be the case, the decision of the Supreme Court should not affect the removal of encroachment and stopping occupation of land. Similarly, the audacity of criminal elements should also not increase. The Supreme Court rightly said that no one should be considered guilty without a verdict and it is the court's job to punish the criminal, but the question is whether the courts are able to do this job properly? It would have been better if the Supreme Court had also looked into this question, because it is not hidden from anyone that criminals and mafia elements hardly get punishment for their deeds. Even if they get it, it is very delayed. In the cases of musclemen, wealthy types or criminals with political influence, it is mostly seen that they are successful in prolonging the cases going on against them. It is also not hidden from anyone that even the elements involved in serious crimes do not get punishment soon. This is the reason why people call bulldozer action as justice. It would have been better if the Supreme Court had seen that bulldozer action is the result of delay in justice.

# इलेक्ट्रिक केतली से चाय बनाते समय हादसा- करंट से झुलसी छात्रा को रेत में दबाया, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

मूंढापांडे में आठवीं कक्षा की छात्रा को इलेक्ट्रिक केतली से चाय बनाते समय करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने उसे बचाने के लिए रेत में दबाया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मूंढापांडे के नियामतपुर इकरोटिया में बुधवार को इलेक्ट्रिक केतली से चाय बनाते समय कक्षा आठ की छात्रा करंट लगने से झुलस गई। इसके बाद परिजनों ने छात्रा को करीब आधे घंटे तक रेत में दबाए रखा। हालत में सुधार न होने पर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थीं। किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नियामतपुर इकरोटिया निवासी मोहम्मद रफी की 14 वर्षीय बेटी नूरशिफा आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। बुधवार सुबह वह रसोई में इलेक्ट्रिक केतली में चाय बना रही थी। इसी दौरान उसे करंट लग गया। वह अचेत होकर रसोई में ही गिर गई।चीख सुनकर परिजन रसोई में पहुंचे और बेहोशी की हालत में उसे बाहर लेकर आए। उसे डॉक्टर के पास ले जा रहे थी, तभी कुछ लोगों ने रेत में दबाने की सलाह दी। इसके बाद परिजनों ने छात्रा को रेत में दबा दिया। बाद में परिजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर लौट गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी गांव पहुंच गई और पोस्टमार्टम कराने की बात कही तो परिजनों ने इन्कार कर दिया। एसएचओ आरपी शर्मा ने कहा कि करंट लगने से किशोरी की मौत हुई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया। शॉक से हुई थी नवजात की मौत, पोस्टमार्टम में पुष्टि- मझोला थानाक्षेत्र के बुद्धि विहार स्थित अस्पताल में नवजात की मौत शॉक के कारण हुई थी। बुधवार शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई। बुद्धि विहार सेक्टर-11 निवासी ऋतिक चौधरी ने मंगलवार को मझोला थाने में शिकायत की थी कि उनका बच्चा दो दिन पहले ही मर चुका था, लेकिन डॉक्टरों ने नहीं बताया। वह उसे वेंटिलेटर पर रखकर दवाइयां व ब्लड मंगवाते रहे। मझोला थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। जिससे पता चला कि बच्चे की मौत शॉक से हुई थी।

# फुरकान की करतूत: शिवा बनकर अस्पताल संचालिका को प्रेमजाल में फंसाया, दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, अब किया यह काम

गंज क्षेत्र में मुस्लिम युवक ने शिवा नाम बताकर अस्पताल संचालिका को प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी के बाद संचालिका ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।मुस्लिम युवक ने एक अस्पताल संचालिका को शिवा नाम बताकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और आठ साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। शादी से इनकार करने पर अब अस्पताल संचालिका ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह मामला गंज क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। गंज कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला सिविल लाइंस क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर अस्पताल चलाती है। उनके अस्पताल में आठ साल पहले सीआरपीएफ कॉलोनी का फुरकान उर्फ सैफ काम करता था।अस्पताल में काम के दौरान उसने अपना नाम और धर्म छिपाया। उसने खुद को शिवा बताकर अस्पताल संचालिका को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर आठ साल तक दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि इस बीच युवक का मुरादाबाद की एक युवती से रिश्ता तय हो गया है, जिसकी जानकारी अस्पताल संचालिका को हो गई। जिसके बाद युवक ने अस्पताल संचालिका से शादी करने से इन्कार कर दिया और दबाव बनाने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। महिला एसपी के कार्यालय पहुंची और शिकायत पत्र दिया। अब इस मामले में गंज पुलिस ने आरोपी फुरकान उर्फ सैफ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर पवन शर्मा ने बताया कि इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोरी को पीटा, कर दिया गंजा, पुलिस ने दर्ज किया केस- मसवासी में किशोरी को अगवा कर मारपीट और बाल काटकर गंजा करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण भी कराया। चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ नवंबर को उसकी बेटी अपनी दादी के घर से अपने घर वापस आ रही थी। आरोप है कि बिजारखाता निवासी अमन और यूसुफ किशोरी को हथियारों के बल पर जबरन उठा कर ले गए और घर ले जाकर कमरे में बंद कर दिया। ये भी आरोप है कि युवकों ने घर की महिलाओं की मदद से किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूस कर लाठी डंडों से मारपीट की, जिससे किशोरी के काफी चोटें आई है। इसके साथ ही युवकों ने किशोरी के सर के बाल काटकर गंजा कर दिया। बाद में किशोरी को गांव के पास छोड़कर चले गए। पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अमन, यूसुफ, अफरोज जहां और परवीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। इसके साथ ही पुलिस ने किशोरी के गांव और स्कूल में जाकर जानकारी एकत्र की है।

# दुष्कर्म में पीएसी का सिपाही गिरफ्तार: छात्रा का चार साल तक किया शोषण, गर्भवती होने पर पिला दिया तेजाब

रामपुर में पीएसी में तैनात सिपाही मुकेश कुमार ने शादी का झांसा देकर बीए की छात्रा से चार साल तक दुष्कर्म किया। शादी से इनकार करने पर उसे तेजाब पीने के लिए मजबूर कर दिया। युवती की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।शादी का झांसा देकर बीए की छात्रा से चार साल तक दुष्कर्म करने के आरोपी पीएसी सिपाही मुकेश कुमार को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

युवती द्वारा आरोपी से शादी की बात कहने पर युवती को तेजाब पीने के लिए मजबूर करने का भी आरोप है।

सात नवंबर को केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि चार अक्तूबर की रात करीब दस बजे बेटी ने अचानक तेजाब पी लिया था। बिलासपुर तथा रुद्रपुर में उपचार के दौरान उसके स्वास्थ्य में सुधार न होने पर गंभीर अवस्था में दिल्ली एम्स में भर्ती कराया था।स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसने अपनी बेटी से तेजाब पीने का कारण पूछा तो बताया कि उसके ही गांव निवासी एक युवक पिछले चार साल से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान वर्ष 2021 में पीएसी में नौकरी लगने पर भी युवक पीड़िता को शादी का झांसा देता रहा। पुलिस की नौकरी का दबाव बनाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस की नौकरी लगने के बाद पीड़िता द्वारा शादी की बात करने पर आरोपी कुछ पैसे एकत्र करने का हवाला देता हुए शादी का झांसा देता रहा।

आरोप है कि युवती दो बार गर्भवती हो गई तो उसने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। चार अक्तूबर को आरोपी छुट्टी लेकर अपने घर आया और रात आठ बजे युवती को अपने पास बुलाकर अपनी शादी का रिश्ता दो दिन बाद दूसरी जगह से होने का हवाला देते हुए
उससे शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने युवती को तेजाब पीने को दे दिया। आवेश में आकर पीड़िता ने तेजाब पी लिया। पुलिस ने तहरीर प्राप्त होने के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र के ही कुइया तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने तहसील बिलारी, विकास खण्ड कुन्दरकी में विधानसभा उप निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय नहटौरा, प्राथमिक विद्यालय ढकिया जुम्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुन्दरकी, जे0एल0एम0 इण्टर कालेज कुन्दरकी, भीकमपुर कुलवाडा, जारपुर, चकफाजलपुर एवं डोंमघर में बने मतदान केन्द्र/बूथों को बारीकी से चैक कर आवश्यक व्यवस्थाओं




को परखते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए गये। इसके साथ उन्होंने ए0एम0एफ0, साफ-सफाई सहित अन्य निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को दुरस्त रखने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों की कक्षाओं में छात्र/छात्राओं से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली गई तथा उन्होंने शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बिलारी, ए0आर0ओ0 सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। मा0 सामान्य प्रेक्षक श्रीमती होलिकेरी द्वारा विधानसभा कुन्दरकी उपनिर्वाचन को संपन्न कराने हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान कार्मिकों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक मा0 निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरुप निर्वाचन कार्यो को संपादित करने में अपना योगदान दे। निर्वाचन को निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ संपन्न कराये।   निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, प्रेक्षक के लाईजन आफिसर मणि अरोरा, सहित संबंधित अधिकारी एवं मतदान कार्मिक उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में रामपुर विकास प्राधिकरण की 39वीं बोर्ड बैठक तथा अवस्थापना समिति की बैठक कमिश्नरी सभागार में आयोजित हुई। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रामपुर विकास प्राधिकरण रामपुर को निर्देशित किया कि बन्धे पर जो भी नये निर्माण हो रहे हैं अथवा किए गये हैं, उनको हटाया जाए। इसके साथ उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर भवन का स्वरुप परिवर्तित किए जाने पर पर्ल होटल को तत्काल सील किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रामपुर विकास प्राधिकरण को दिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग किसी भी दशा में न होने पाए इसको सुनिश्चित कर लें। मण्डलायुक्त द्वारा जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रामपुर विकास प्राधिकरण रामपुर को निर्देशित किया कि प्राधिकरण से संबंधित नियमों/शासनादेशों तथा प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहें कार्यो का संग्रह तैयार कराकर प्राधिकरण डायरी प्रकाशित की जाए, जिससे आमजन मानस को प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले कार्यो की जानकारी सहज रुप में प्राप्त हो सके।बैठक में जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रामपुर विकास प्राधिकरण रामपुर श्री जोगिन्दर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सचिव रामपुर विकास प्राधिकरण रामपुर श्री हेम सिंह, अधिशासी अभियन्ता उत्तर प्रदेश जल निगम श्री मोहित राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर श्री दुर्गेश्वर त्रिपाठी, सहयुक्त नियोजक संभागीय नियोजन खण्ड मुरादाबाद श्री विवेक भास्कर, सदस्य रामपुर विकास प्राधिकरण श्री मोहन लाल सैनी आदि उपस्थित रहें।

# मुरादाबाद में रोती रह गई बुजुर्ग: हरथला में बाजार से लौट रही महिला से कुंडल लूटे, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी

हरथला में बाजार से लौट रही प्रमिला देवी से बाइक सवार बदमाशों ने सोने के कुंडल लूट लिए और शोर मचाने पर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन अभी तक बदमाशों का पता नहीं चल सका।सिविल लाइंस के हरथला में मंगलवार



रात बाजार से लौट रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सोने के कुंडल लूट लिए। महिला के शोर मचाने पर लोग मौके पर जुट गए, लेकिन उससे पहले ही बदमाश बाइक दौड़ाकर भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी बलवंत सिंह की परचून की दुकान है। उनकी पत्नी प्रमिला देवी मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर के पास मंदिर में पूजा करने गई थीं। पूजा करने के बाद वह हरथला बाजार में सामान खरीदने चली गईं। करीब आठ बजे वह खरीदारी करने के बाद घर लौट रही थीं।वह हरथला से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी को जाने वाले मोड़ पर पहुंची थीं तभी बाइक सवार बदमाश आ गए। एक बदमाश बाइक से नीचे उतरा और महिला के पीछे चलने लगा। उसका साथी बदमाश कुछ ही दूरी पर बाइक स्टार्ट कर बैठा रहा। बदमाश ने झपट्टा मारकर महिला के दोनों कुंडल खींच लिए। इसके बाद वह अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर भाग गया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों के साथ उसके परिजन भी आ गए, लेकिन तब तक बदमाश अगवानपुर की ओर भाग गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता से पूछताछ करने के बाद बदमाशों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# मुरादाबाद अंसार इंटर कॉलेज में बाल दिवस बढ़े ही हर्षोल्लास के सात मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ

अंसार इंटर कॉलेज में  हर साल की तरह इस साल भी बढ़े ही हर्षोल्लास के सात मनाया गया बाल दिवस बाल दिवस के अवसर पर सुबह से ही कॉलेज में छात्रों में खुशी का माहौल बना हुआ था प्रधानाचार्य श्री मेराज अनवर द्वारा समस्त छात्रों को मिष्ठान का वितरण कराया गया। मिष्ठान पाकर छोटे बढ़े छात्रों के चेहरे खिल उठे छात्रों ने एक दूसरे को बधाई दी इस अवसर पर श्री नासिर हुसैन श्री मनोहर पाल सिंह श्री मुख्तार हुसैन श्री सिकंदर आजम श्री मुहम्मद अली खान श्रीमती फरहा दीबा श्रीमती शाइस्ता नासिर आदि उपस्थित रहे।





# प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ

मुरादाबाद। बाल दिवस के मौके पर जिले में सरकारी और निजी विद्यालयों में बाल दिवस को धूमधाम के साथ मनाया गया, डिलारी अदलपुर प्राथमिक विद्यालय में बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी डिलारी भूपेश दिनकर द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और जवाहरलाल नेहरू की फोटो पर पुष्प अर्पित कर किया गया, इस अवसर पर बच्चों ने रंग बिरंगी वेशभूषा में सुन्दर कविताओं की प्रस्तुति की, बाल वाटिका की छात्रा आरजू की प्रस्तुति से खण्ड शिक्षा अधिकारी बहुत प्रसन्न हुए, इसके अलावा बच्चों की रोचक गतिविधियां करायी गयी, साथ ही बच्चों ने मेढ़क दौड़, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़ आदि गतिविधियों में प्रतिभाग किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, एआरपी सचिन कुमार शर्मा द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया, विद्यालय की प्रधान अध्यापिका संयोगिता राठी और सहायक अध्यापिका रेनू ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी भूपेश दिनकर जी का विशेष आभार व्यक्त किया।




दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# धूमधाम से मनाया गया बालदिवस , बाल मेले में बच्चों ने जमकर मस्ती की

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल में वृहस्पतिवार को बालदिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने बालमेला लगाया।मेले का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने फीता काट कर किया। बच्चों ने विभिन्न स्टाल लगाए , छात्र - छात्राओं ने जमकर खरीदारी की?। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों शोलो



डान्स, रंगोली प्रतियोगिता, दौड़,कूद, खो-खो, मेंढ़क कूद का आयोजन किया गया। विजयी बच्चों को पुरूस्कृत किया गया।इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र सक्सेना, दीपिका बनर्जी, नैना अग्रवाल, प्रज्ञा गुप्ता,तरन्नुम जहां, रेहान खान, यासीन,सुलभ अग्रवाल, कौशलेंद्र गुप्ता, ममता शंखधार, मनीषा कश्यप,रूबी गंगवार ,सैय्यद सरताज आलम ,विमला शर्मा , राधा कश्यप आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# डोली से पहले उठी मां की अर्थी: लाश देख बिलख उठी बेटी, कार्ड बांटने निकले थे; यूं आई मौत... पिता की हालत नाजुक

राजधानी में बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले दंपती को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां की मौत हो गई। जबकि पिता की हालत नाजुक बनी हुई है।यूपी के लखनऊ में पीजीआई इलाके में



बुधवार को बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले दंपती को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में सेवानिवृत्त ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर की पत्नी की मौत हो गई। लोगों ने मौके से कार चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वाराणसी के शिवपुर गांव टकटकपुर निवासी राम आसरे सिंह मार्च माह में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हुए थे। वह मौजूदा समय में परिवार संग कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन में रह रहे थे। उनके भाई राणा आर सिंह ने बताया भांजी नेहा की नौ दिसंबर को शादी होनी है।पीछे से बाइक में मारी टक्कर- रामआसरे व उनकी पत्नी मीना सिंह ( 58 ) बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह बाइक से बेटी की शादी का कार्ड बांटने के लिए निकले थे। वृंदावन सेक्टर- नौ के पास एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दंपती घायल हो गए। लोगों ने चालक को दौड़ाकर पकड़ा- हादसे के बाद लोगों ने भाग रहे कार चालक को पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया। खबर पाकर परिजन पहुंचे। घायल दंपती को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। वहां, बृहस्पतिवार दोपहर मीना सिंह की मौत हो गई। वहीं राम आसरे को डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। मीना सिंह के परिवार में दो बेटियां एक बेटा है। बेटा अमित पुणे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

# एक लाख रुपये का इनामी भाड़े का हत्यारा और लुटेरा गिरफ्तार, लंबे समय से चल रहा था फरार

एक लाख रुपये का इनामी भाड़े का हत्यारा और लुटेरा दबोच लिया गया है। हमीरपुर से हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था।यूपी एसटीएफ ने कर्नलगंज पुलिस के साथ मिलकर एक लाख के इनामी भाड़े के हत्यारे चतुर सिंह उर्फ चतुरभुज सिंह उर्फ त्रिभुवन सिंह उर्फ बाबा उर्फ कालिया को लाल इमली के पीछे वाली गली से सुबह पांच बचे धर दबोचा। उसके खिलाफ कानपुर और हमीरपुर में अपहरण, हत्या, लूट और गैंगस्टर समेत कई संगीन धाराओं 13 मामले दर्ज है। एसटीएफ ने पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।एसटीएफ प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमीरपुर में धर्मेंद्र यादव ने 10 लाख रुपये में अपनी बहन अमन की हत्या की सुपारी घाटमपुर के



जलाला गांव निवासी चतुर सिंह को दी थी। चतुर सिंह ने साथी वीर सिंह व कल्लू यादव के साथ मिलकर अमन को उसके दो बच्चों संग अगवा कर लिया, फिर हत्या कर शव हमीरपुर के जंगल में फेंक दिया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। हमीरपुर पुलिस ने उसपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया तो यूपी एसटीएफ रडार पर वह भी आ गया। जांच में पता चला कि चतुर मध्य प्रदेश के भिंड व मुरैना के बीहड़ में छिपा है। वह किसी की हत्या की साजिश रच रहा है और किसी से मिलने कानपुर आ रहा है। एसटीएफ के मुताबिक सटीक सूचना पर एसटीएफ ने कर्नलगंज पुलिस के साथ कर्नलगंज क्षेत्र के लालइमली के पीछे वाली सड़क से गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के मुताबिक चतुर सिंह मूल रूप से कानपुर देहात के सिकंदरा थानाक्षेत्र के हाजीपुर गांव का रहने वाला है। चतुर सिंह पर कानपुर नगर, देहात, हमीरपुर जिले में गैंगस्टर, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, आर्म्स एक्ट, लूट समेत कई गंभीर धाराओं के मामले दर्ज हैं। कारोबारी की हत्या की ली थी सुपारी- आरोपी चतुर सिंह ने हाल ही में एक और कारोबारी की सुपारी ले ली थी। एसटीएफ के अनुसार भिंड-मुरैना के जंगलों में छुपकर दूसरी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। ये बरामदगी भी हुई- एसटीएफ को उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो 315 बोर के कारतूस, एक 315 बोर खोखा कारतूस, एक की पैड वाला मोबाइल फोन, 2100 रुपये नकद मिले हैं।

# सत्यापन के फेर में फंसी खरीद, आढ़तियों को धान बेचने को मजबूर किसान; दावे नहीं पकड़ पा रहे रफ्तार

गोंडा में धान खरीद सत्यापन के फेर में फंसी है। इससे किसान आढ़तियों को धान बेचने को मजबूर हैं। किए जा रहे बड़े-बड़े दावे धरातल पर रफ्तार नहीं पकड़ पा रहे हैं।यूपी के गोंडा में धान खरीद को लेकर शासन स्तर से भले ही बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हों, लेकिन जिले के क्रय केंद्रों पर अभी भी खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पाई है। तहसीलों में रकबा सत्यापन की प्रक्रिया से परेशान किसान



कम दाम में आढ़तियों को अपनी उपज बेच रहे हैं। इसके कारण खरीद शुरू होने के 15 दिन में मात्र 440 किसानों ने 2445 मीट्रिन टन धान ही सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचा है। जबकि, खरीद का लक्ष्य एक लाख दो हजार एमटी है। हलधरमऊ संवाद के अनुसार क्षेत्र में तीन क्रय केंद्र संचालित है। दत्तनगर धान क्रय केंद्र पर क्रय प्रभारी जगदीश्वर नंद ने बताया कि अभी तक 120 क्विंटल धान की खरीद हुई है। धान बेचने आए किसान सौरभ गोस्वामी ने बताया कि किसानों को सबसे अधिक परेशानी तहसील से धान का रकबा सत्यापन कराने में आ रही है। किसानों को पंजीकरण के सत्यापन में समस्या- राजकीय धान क्रय केंद्र कादीपुर के संचालक संजय कुमार चौहान ने बताया कि उनके केंद्र पर चार किसानों से लगभग 129 क्विंटल धान की खरीद हुई है। मैजापुर केंद्र पर धान लेकर आए किसान महेश कुमार व पवन तिवारी ने बताया कि किसानों को पंजीकरण के सत्यापन में समस्या है। तहसील से सत्यापन जल्दी नहीं हो पाता है। बिना सत्यापन के केंद्र पर अंगूठा नहीं लगता है। एक आढ़ती के यहां धान बेचने पहुंचे किसान राजितराम ने बताया कि सरकारी प्रक्रिया में फंसकर धान बेचने में दिक्कत होती थी, इस बार आढ़ती को बेचकर नकद पैसा ले लिया। 34 क्विंटल 80 किलो धान की हुई खरीदारी- मसकनवा संवाद के अनुसार अभी तक चार किसानों से 64 क्विंटल धान की खरीददारी की गई है। गोदाम प्रभारी ध्रुव कुमार ने बताया कि क्रय केंद्र पर धान खरीदने का लक्ष्य पांच हजार क्विंटल है। क्षेत्र के 23 किसानों से संपर्क किया गया। सहकारी संघ मसकनवा में स्थिति धान क्रय केंद्र पर एक किसान से 34 क्विंटल 80 किलो धान की खरीदारी की जा चुकी है।

# भैयाथान विकासखण्ड के समस्त जन शिक्षकों को बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट और बाल संरक्षण पर किया गया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देश पर और जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज कुमार जायसवाल द्वारा भैयाथान विकासखण्ड में जन शिक्षकों को एक विशेष बैठक में बाल विवाह और बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया गया। बैठक के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जयसवाल ने शिक्षकों को बाल विवाह की समस्या और इससे जुड़े तथ्यों की जानकारी दी। श्री जयसवाल ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया कि सूरजपुर जिले में बाल विवाह का प्रतिशत 34.3: है। उन्होंने कहा कि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी शिक्षकों और संकुल प्राचार्यो को अपने-अपने विद्यालयों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, ताकि शिक्षक और छात्र- छात्राओं में इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ सके।यदि सभी शिक्षक और छात्र छात्राएं ठान लें, तो बाल विवाह पर रोक लगाई जा सकती है, कम उम्र में विवाह हो जाने से कई परेशानीयां बढ़ जाती हैं, जच्चा बच्चा दोनों को जान का खतरा तो होता ही है, बच्चा कुपोषित या मृत भी हो सकता है इस लिए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त करने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करना होगा श्री जायसवाल ने लैंगिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण के लिए बने पॉक्सो एक्ट 2012 की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का सुरक्षित भविष्य ही हमारे समाज का मजबूत आधार है। पॉक्सो एक्ट में बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को गलत तरीके से घूरना, पीछा करना, रास्ता रोकना, अश्लील चित्र दिखाना, या गलत तरीके से छूना भी अपराध की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही उन्होंने श्गुड टच, बैड टचश् के बारे में भी विस्तार से बताया ताकि शिक्षक एवं बच्चों को इन महत्वपूर्ण बिंदुओं के प्रति सचेत कर सकें। बैठक में बाल श्रम के खिलाफ जानकारी दी गई, जिसमें बाल श्रम निषेध और नियमन अधिनियम 1986 के प्रावधानों पर चर्चा की गई। श्री जायसवाल ने बताया कि बच्चों से श्रम कराने पर 6 महीने से 2 साल तक की सजा और 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।



उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुनः शाला में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित करें। श्री जायसवाल ने हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी, जिसमें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 को शामिल किया गया। उन्होंने इन टोलफ्री नम्बरों के महत्व और इनके उपयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सहायता ली जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जयसवाल, जिला समग्र शिक्षा अधिकारी श्री शशिकांत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री डी.एस. मारवी, यूनिसेफ से जिला समन्वयक श्री प्रथमेश मानेकर, भैयाथान विकासखंड के सभी जनशिक्षक और संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे। यह जागरूकता कार्यक्रम जिले में बाल संरक्षण के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भविष्य में बच्चों के उज्जवल और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# आयोग के झुकने के बाद भी छात्र हटने को तैयार नहीं ,आखिर कहां फंस गया है पेच

